अपराध

कटा सिर और मांस बरामद, सभी आरोपी भेजे गए जेल

# धनोरा क्षेत्र में फिर गोवंश की बेरहमी से हत्या

**नवभारत न्यूज**
**धनोरा (जागीर), 20 जून, बटकाखापा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली धनोरा पुलिस चौकी में गोवंश की हत्या का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीते एक महीने के भीतर इस क्षेत्र में गोवंश को काटकर उसका मांस खाने की यह लगातार तीसरी घटना है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।**



मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धनोरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नांदनवाड़ी स्थाई पता ग्राम नागरी निवासी फरियादी कपूर चंद मर्सकोले 48 वर्ष ने 19 जून 2026 की रात करीब 9 बजे अपने 5 वर्षीय सफेद रंग के देसी बछड़े को घर के सामने आम के पेड़ से बांधा था। कुछ देर बाद जब वे बाहर आए, तो बछड़ा गायब था और केवल उसका गिरमा (रस्सी) पेड़ से बंधा मिला। अगली सुबह 20 जून करीब 7 बजे जब कपूर चंद बछड़े की तलाश में गांव के उमेश मारपे के घर की तरफ गए, तो उन्होंने देखा कि उमेश और मनोज उईके एक गंजी बर्तनमें मांस रखकर राकेश मारपे को दे रहे थे वहीं, मनोज के घर के भीतर उसका दामाद मनेश इनवाती मांस खाता हुआ दिखाई दिया संदेह होने पर कपूरचंद ने अपने साले अरविंद कुमरे, पत्नी रूसमा मर्सकोले और मोना कुमरे को बुलाया जब सबने मिलकर उमेश के घर के पीछे नाले की तरफ जाकर देखा, तो वहाँ बछड़े का कटा हुआ सिर पड़ा था, जिसे कपूर चंद ने पहचान लिया। धनोरा पुलिस को सूचना मिलते ही धनोरा पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से गोवंश का कटा हुआ सिर और मांस बरामद किया। पुलिस पूछताछ और जांच में यह साफ हुआ कि आरोपी मनोज, राकेश, मनेश और उमेश ने मिलकर पालतू बछड़े को चोरी किया और फिर क्रूरतापूर्वक उसकी हत्या कर मांस आपस में बांट लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2), 325, 3(5) और मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 5, 9 के तहत मामला पंजीकृत किया है। ज्ञात हो धनोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में पिछले कुछ समय से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। एक ही महीने के भीतर गोवंश की हत्या कर मांस पकाने और खाने की यह लगातार तीसरी घटना है।

# त्योहारों में शांति और सौहार्द बनाए रखने रावनवाड़ा चौकी में हुई शांति समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 20 जून, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रावनवाड़ा चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं धार्मिक आयोजनों की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। थाना प्रभारी कंचन राजपूत ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# अमरवाड़ा हज यात्रा करने के बाद वापस आए लोगों का किया गया इस्कवाल



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 20 जून, नगर से हज यात्रा में गए मुस्लिम अनुयायियों का वापस लौट के बाद नगर के गणमान्य नागरिक और अंजुमन कमेटी और मुस्लिम समुदाय के द्वारा इस्तकबाल कर स्वागत सत्कार किया गया।**

जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मोहम्मद आसिफ खान अपनी बेगम एफ खान और शेख जिब्राइल ठेकेदार अपनी बेगम के साथ यात्रा में गए हुए थे और लगभग 55 दिन की सफलतम यात्रा करने के बाद जब वापस लौट कर आए तो अंजुमन कमेटी अमरवाड़ा के साथ नगर वासियों और गणमान्य द्वारा शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर अमरवाड़ा शुभचिंतक मौजूद रहे।

# दीपों की रोशनी से जगमगाई प्राचीन धरोहर

## जल संरक्षण का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 20 जून, शहर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और लुप्त होती प्राचीन धरोहरों को सहेजने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित बावड़ी उत्सव का भव्य समापन हुआ। इस दौरान स्थानीय प्राचीन बावड़ी का न केवल कायाकल्प किया गया, बल्कि उसे दीपों की दिव्य रोशनी से सजाकर महाआरती भी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।**



उत्सव का मुख्य आकर्षण पारंपरिक बावड़ी की विशेष साफ-सफाई रही। श्रमदान के माध्यम से बावड़ी परिसर को स्वच्छ बनाया गया और शाम होते ही हजारों दीपों से उसे रोशन कर दिया गया। यह दृश्य भारतीय संस्कृति और जल के प्रति हमारे सम्मान को दर्शाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ÷बावडियाँ केवल जल का स्त्रोत मात्र नहीं हैं, बल्कि यह हमारी समृद्ध संस्कृति और पूर्वजों की दूरदर्शिता का प्रतीक हैं। नगर पालिका परिषद शहर की सभी प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। जल संरक्षण का यह महाअभियान जन-सहयोग के बिना अधूरा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना अनिवार्य है।उत्सव के दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित नागरिकों को जल शपथ दिलाई। सभी ने पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के साथ स्वच्छ्ता सभापति संजय जैन, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक पारे, दिलीप दरियापुरकर,अनूप सिंह चौहान, जन अभियान परिषद की अध्यक्ष अर्चना मोहरे, श्रीमती पराड़कर, श्रीमती अलका शुक्ला एवं परिषद के अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# छिंदवाड़ा को योग दिवस पर ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, विश्व योग दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने समस्त छिंदवाड़ा जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जिलेभर में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया है।**

उन्होंने भाजपा के सभी पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मातृशक्तियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने का संकल्प लेने की अपील की है। श्री यादव ने कहा कि योग हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जिसे आज पूरा विश्व अपनाकर सम्मान दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा मिली है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्राचीन और प्रभावी माध्यम है। योग व्यक्ति को अनुशासन, सकारात्मकता, मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है।

# आधार फाउंडेशन में मनाया विश्व योग दिवस

## दिव्यांग बच्चों के साथ अतिथियों ने किया योग

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन परासिया रोड पोआमा छिंदवाड़ा में शनिवार को विश्व योग दिवस मनाया गया ओर अतिथियों सहित सभी दिव्यांग बच्चों ने योग कर स्वच्छता सहित पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी छिंदवाड़ा के चेयरमैन भानु दास गोखे रहे एवं अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक - नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की। जिनके साथ विशिष्ट अतिथि दिव्यांगजन प्रशासनिक अधिकारी पंचलाल चंद्रवंशी, योगाचार्य डॉ. पवन नेमा, योगाचार्य प्रेमचंद सोनमेहर, पर्यावरण प्रेमी डॉ. रश्मि नेमा, स्वच्छता चैंपियंस रविंद्र सिंह कुशवाह, डॉ. महेश बंदेवार के साथ समाजसेवी ललिता चंद्रवंशी, सचिन सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद अमर सिंह मरावी, अचल साहू, सपना पवार, निगम स्वछता टीम की सदस्य अंकिता सोनी के साथ स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष सरिता पांडे, उपाध्यक्ष बिंदु यादव और सचिव सुमित्रा पवार ने तुलसी का पौधा भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन सक्षम के जिलाध्यक्ष इंजी. महेश किंथ ने किया।

# कम लागत में स्वास्थ्य वर्धक उत्पादन का महत्वपूर्ण माध्यम है प्राकृतिक खेती

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत चौरई में प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, इसके लाभ एवं कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई।**

कार्यशाला के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू थे, उन्होंने कार्यशाला में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती के महत्व और उससे होने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेती की ऐसी पद्धति है, जिससे किसान कम लागत में स्वास्थ्य वर्धक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं और भूमि की गुणवत्ता को लंबे समय तक बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। यह प्रसन्नता का विषय है कि चौरई के किसान प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि किसानों की आय में वृद्धि हो, किसानों की आय तभी बढ़ सकती है, जब खेती की लागत कम होगी और उत्पादन बेहतर होगा।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का लिंगा में भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 20 जून, मध्यप्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के लिंगा आगमन पर भाजपा मंडल लिंगा द्वारा बस स्टैंड पर पुष्प वर्षा एवं हार पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।**



स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।इस दौरान पांढुर्ना भाजपा सह कोषाध्यक्ष विलास घोंघे, भाजपा मंडल लिंगा अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, सुनील उईके, देवराव ठाकरे, प्रकाश साबले, विपीन कराड़े, रूपेश कराड़े, शुभम सावले, नकुल डिगरसे, रामा छिपने, विनोद ठाकरे, संतोष रविकर, नीरज मिनोटे, हर्षित लोखंडे, मंगलू पटेल, चंदन वानखेड़े, पंकज वांधे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर मोहखेड़ मंडल के उमरानाला नगर में भी प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भाजपा मंडल मोहखेड़ द्वारा प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश्वर घटकड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाधर दरवईकर, मंडल महामंत्री अनिल विश्वकर्मा, गणेश डोंगरे, भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री विजय पगारे, भाजपा नेता सुभाष डिगरसे, शालिकराम कनेरे, अशोक डोंगरे, लीलाधर डोंगरे, शरद डोंगरे, मोरेश्वर चौधरी, डिंपल मालवी, आकाश पाटिल, निलेश मस्तकार, मोहित घटकड़े, हरिशंकर कोडले, संतोष चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब के योग शिविर युवाओं ने सीखे यौगिक क्रियाएं

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा दिन शनिवार 20 जून 2026 को बाबा रामदेव नगर स्थित रोटरी भवन में विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास हेतु योग शिविर का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी , पतंजलि चिकित्सालय के संचालक एवं पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटे मनोज अग्रवाल ,अंबुजा फाउंडेशन के शैलेंद्र वर्मा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने योग की सभी क्रियाएं की । पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य श्री विवेक जी ने सभी को योग के सभी आसन करवाए एवं कहा कि नियमित योग करने से सभी स्वस्थ एवं निरोग रहते है इसी लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए ।रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी ने कहा कि इस वर्ष की योग दिवस की थीम स्वस्थ रहना है ।हम सभी को शारीरिक मानसिक रूप से यदि स्वस्थ रहना है तो नियमित रूप से प्रातः अपनी दिनचर्या योग ध्यान प्राणायाम से करना चाहिए आप स्वस्थ रहेंगे निरोग रहेंगे एवं ऊर्जावान रहेंगे। उन्होंने सभी को विश्व योग दिवस 21जून को विश्व योग दिवस पर योग शिविर में सम्मिलित होने का आग्रह भी किया।

# बाल योगियों को मिला योग आइकॉन अवॉर्ड

## बच्चो ने दिखाई योग की अलग अलग क्रियाएं, आरोग्य कुंभ 2026 के अंतर्गत योगा प्रतियोगिता एवं सामूहिक योगाभ्यास का सफल आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, आरोग्य कुंभ के अंतर्गत बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति। छिंदवाड़ा एवं मॉडल फ्यूचर कला एवं तकनीकी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में योगा प्रतियोगिता एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं समाज में योग, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी एवं मॉडल फ्यूचर कला एवं तकनीकी शिक्षा समिति की अध्यक्ष आयशा लोधी के मार्गदर्शन में योग आइकॉन अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन प्रकृति के बीच शहर के मध्य स्थित एकता पार्क में बच्चों की योग कलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी दिलीप माकड़े ,किरण सूर्यवंशी, आरती माकडे , राजा पांडे के सहयोग से बच्चों की योगा प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर समाजसेवी आराधना पवार द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योगा प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सहभागी बच्चों में अद्विक माकड़े, अनुष्का शर्मा, काव्या शर्मा, पावनी कुशवाहा, कसक कुशवाहा, हर्षल मालवी, राजवीर वंशकार, उमेश वंशकार, प्रिंस सूर्यवंशी, गौतम सूर्यवंशी, मानस पांडे, जैनब खान, कासिम खान एवं इस्मा ईमान ने एक से बढ़ कर एक योगासन की क्रियाएं कर सभी का दिल जीता।इस अवसर पर बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि, योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है।

# सांसद ने विश्व योग दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, विश्व योग दिवस के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए योग को लेकर अपना संदेश भी दिया है।**

सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व मे भाजपा सरकार द्वारा योग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके लिए सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। सांसद श्री साहू ने योग को लेकर दिए गए अपने संदेश में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम या आसन नहीं है बल्कि मन,शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। नियमित योग करने से शारीरिक फिटनेस,मानसिक शांति और रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। इससे एक तनाव मुक्त और निरोगी जीवन प्राप्त हो सकता है। इसके नियमित अभ्यास से हृदय रोग,ब्लड प्रेशर और जोड़ों में दर्द जैसे अनेक बीमारियों से राहत मिल सकती है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और ऊर्जावान बना रहता है। योग चिंता और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करने में अत्याधिक प्रभावशाली सिध्द हो रहा है।

खेती

बोआई कार्य में समय व लागत की बड़ी बचत

# मैनुअल रोटरी सीडर बना किसानों के लिए वरदान

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 20 जून, ग्रामीण अंचलों में खेती-किसानी को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में मैनुअल रोटरी सीडर किसानों के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित हो रहा है। यह हाथ से चलने वाला कृषि यंत्र खेतों में बीज बोने की प्रक्रिया को सरल, तेज और अधिक सटीक बना रहा है, जिससे किसान इसे खेती का बेहतर विकल्प मान रहे हैं।**



यह उपकरण मक्का, मूंगफली, कपास सहित विभिन्न फसलों के बीजों को मिट्टी में समान दूरी और उचित गहराई पर बोने में सक्षम है। इसमें मजबूत पहिया संरचना और बीज रखने के लिए हॉपर दिया गया है, जिसे खेत में हाथ से धकेलकर आसानी से संचालित किया जा सकता है। किसानों का कहना है कि इस यंत्र के उपयोग से मजदूरों पर निर्भरता काफी कम हुई है और बोआई का कार्य पहले की तुलना में तेजी से पूरा हो रहा है। इससे समय, श्रम और लागत तीनों में उल्लेखनीय कमी आई है।

### इनका कहना है

इस उपकरण से बोआई का काम बहुत कम समय में पूरा हो जाता है और बीज की भी बचत होती है।

**आनंदराव गिरारे, किसान सिमरिया**

यह यंत्र खेती में मजदूरी की समस्या को काफी हद तक कम कर रहा है और काम आसान हो गया है।

**अशोक पाठे,किसान तुर्कीखापा**

बीज समान दूरी पर गिरने से फसल की बढ़वार बेहतर हो रही है और उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है।

**गणेश फरकारे, किसान**

मैनुअल रोटरी सीडर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे बोआई की गुणवत्ता में सुधार होता है, बीज की बचत होती है और उत्पादन क्षमता बढ़ने की संभावना रहती है। विभाग किसानों को ऐसे यंत्र अपनाने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि खेती में लागत कम और आय में वृद्धि हो सके।

**डीएस घाघरे,एसडीओ कृषि विभाग मोहखेड**

# आमजनों के सुख-दुख में शामिल हुए सांसद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 20 जून, सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बीच भी जिले के प्रवास के दौरान लोगों के सुख-दुख में भी शामिल हो रहे है। इसकी के तहत सांसद श्री साहू चौरई और सिंगोड़ी प्रवास के दौरान लोगों के सुख-दुख में शामिल हुए।**



सांसद श्री साहू ने जम्होड़ी पंडा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्माराम चंद्रवंशी के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र के विवाह की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सांसद बंटी विवेक साहू ने सारना मंडल के ग्राम पिपरिया बरसा में अनुज चौधरी के निवास स्थान पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। चांद मंडल के ग्राम खापा बिहारी में सरपंच गोल्डी पटेल व मोहित रानू पटेल के निवास स्थान पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। ग्राम बतरी में पृथ्वीराज पटेल के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय राजेन्द्र पटेल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। ग्राम कुहिया में गुड्डु पटेल के निवास स्थान पहुंचकर उनके भतिजे के विवाह के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सिंगोड़ी में कोमल साहू के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र के विवाह की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, सांसद प्रतिनिधि अलकेश लांबा, भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष बिट्टू मंडराह, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला सहित क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं परिवारजन उपस्थित थे।